<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक– 25.07.2025 (दोपहर–1310 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- सबसे लंबे समय तक पद पर बने रहने वाले प्रधानमंत्री बने नरेंद्र मोदी, इंदिरा गांधी का तोड़ा रिकार्ड।
- जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2023 का अंतिम परिणाम जारी, 342 अभ्यर्थी चयनित, आशीष अक्षत को राज्य भर में पहला स्थान।
- रांची सदर अस्पताल में बनेगी दो सौ बेड की सुपर स्पेशियलिटी यूनिट, रिम्स में 90 तरह की जांच के लिए शुरु हुआ सेंट्रल लैब।
- श्रावणी मेले के दौरान देवघर के बाबाधाम में अब तक 23 लाख से ज्यादा कांवरियों ने किया जलार्पण, दो करोड़ से ज्यादा हुई आय।
- राज्य में पहली बार कक्षा 3 से 5 तक के छात्र–छात्राओं के लिए राज्यस्तरीय लिटिल चैंप फुटबॉल प्रतियोगिता आज से रांची में होगी शुरु, शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन करेंगे उदघाटन।

************************

लंबी राजनीतिक यात्रा में कई कीर्तिमान अपने नाम कर चुके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खाते में एक और नया रिकॉर्ड जुड़ गया है। आज प्रधानमंत्री के रूप में कार्यकाल के 4 हजार 78 दिन पूरे करने के साथ ही उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को पीछे छोड़ दिया है और सबसे लंबे समय तक पद पर रहने वाले भारत के दूसरे प्रधानमंत्री बन गए हैं। इंदिरा गांधी 24 जनवरी 1966 से 24 मार्च 1977 तक लगातार 4077 दिनों तक प्रधानमंत्री रही थीं।

************************

झारखंड लोक सेवा आयोग ने बहुप्रतीक्षित सिविल सेवा परीक्षा 2023 का अंतिम परिणाम जारी कर दिया है। कुल 342 अभ्यर्थियों को विभिन्न प्रशासनिक पदों के लिए चयनित किया गया है। टॉपर की सूची में आशीष अक्षत ने पहला स्थान प्राप्त किया है। आशीष अक्षत मूल रूप से धनबाद के रहने वाले हैं। उन्होंने डी. नोबिलि स्कूल धनबाद से अपनी प्रारंभिक शिक्षा ग्रहण की। फिर एनआईटी जमशेदपुर से पढ़ाई के बाद वे दिल्ली चले गए और वहीं सिविल सेवा की तैयारी की। अक्षत ने बताया कि उन्हें यह सफलता दूसरे प्रयास में मिली है।

************************

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी ने कहा है कि रांची सदर अस्पताल में सुविधाएं और बढ़ायी जायेंगी। इस अस्पताल में 200 बेड की सुपर स्पेशयलिटी यूनिट बनायी जायेगी। इसके अलावा सदर अस्पताल में एक पुनर्वास केन्द्र की भी स्थापना की जायेगी। श्री अंसारी रांची में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। स्वास्थ्य मंत्री ने रांची सदर अस्पताल को आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के क्रियान्वयन में पहला स्थान मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्था दुरुस्त हो रही है।

************************

रिम्स निदेशक डा. राजकुमार ने कहा है कि रिम्स में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। रांची में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने बताया कि अब रिम्स में इंटीग्रेटेड सेंट्रल लैब 24 घंटे काम कर रही है।

************************

सरायकेला–खरसावां जिले में सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने की कार्रवाई तेज कर दी गयी है। इस सिलसिले में चांडिल थाना क्षेत्र अंतर्गत मौजा सुकसारी स्थित एक बांग्ला ईंट भट्ठा पर आज पुलिस और अंचल कार्यालय की संयुक्त टीम ने नोटिस चिपकाया। यह कार्रवाई सरकारी भूमि पर बिना अनुमति के व्यवसायिक गतिविधि संचालित करने के आरोप में की गई।

************************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,
इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

***********************

श्रावणी मेले के दौरान देवघर के बाबाधाम में 10 जुलाई से अब तक 23 लाख 73 हजार से ज्यादा कांवरियों ने जलार्पण किया है। जिले के उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने बताया कि इस दौरान विभिन्न स्रोतों से दो करोड़ 39 लाख से ज्यादा की आय हुई है।

***********************

देश में पहली बार माइनिंग टूरिज्म परियोजना झारखंड में लॉन्च की गयी है। इसकी शुरुआत रामगढ़ और हजारीबाग के सीमावर्ती क्षेत्र स्थित नॉर्थ उरीमारी माइंस से हो रही है।

***********************

मिले–जुले वैश्विक संकेतों के बीच आज शुरुआती कारोबार में भारतीय शेयर बाजार में बिकवाली का दबाव देखा गया। सेंसेक्स 617 अंक गिरकर 81 हजार 561 पर और निफ्टी 210 अंक गिरकर 24,852 पर बंद हुआ।

***********************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत 92 हजार 2 सौ रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी प्रति किलो एक लाख 21 हजार रूपये है।

***********************

बंगाल की खाड़ी में बना निम्न दबाव का क्षेत्र और ज्यादा सक्रिय हो गया है। इसका असर अब झारखंड पर भी दिखने लगा है। मौसम विभाग ने अगले 48 घंटे के लिए राज्य के दक्षिणी जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इनमें पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला–खरसावां, रांची, खूंटी, सिमडेगा और गुमला शामिल हैं। इन जिलों में कहीं–कहीं तेज हवा और वज्रपात भी हो सकता है। बाकी जिलों में भी हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान जताया गया है।

***********************

राज्य में पहली बार कक्षा 3 से 5 तक के छात्र–छात्राओं के लिए राज्यस्तरीय लिटिल चैंप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। रांची के बीआईटी मेसरा स्थित स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स फुटबॉल ग्राउंड में आज इसका उदघाटन शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन करेंगे। प्रतियोगिता में राज्य के सभी 24 जिलों के 576 प्रतिभागी हिस्सा लेंगे।

****************